दिनांक 5 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आश्रय स्थल में ठहरे हुए बेसहारा लोगों की निगम के अधिकारी/कर्मचारी प्रतिदिन कर रहे हैं निगरानी , ताकि न हो इन्हें कोई परेशानी

भिलाई नगर/ आश्रय स्थल में ठहरे हुए बेसहारा लोगों की मॉनिटरिंग प्रतिदिन निगम के अधिकारी/कर्मचारी कर रहे हैं ताकि इन्हें कोई परेशानी न हो , और इसका भी ध्यान रखा जा रहा है कि यहां पर ठहरे हुए लोग कहीं बाहर न जाएं! नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत कई ऐसे लोग जो लॉक डाउन के दौरान शहर से बाहर जा नहीं पा रहे हैं , जिनके पास रहने की कोई व्यवस्था नहीं है , कार्य आदि के बंद के दौरान भटके हुए लोग , रास्तों पर फुटपाथ किनारे सोने वाले लोग , ऐसे लोग जो बेघर हैं और खाने की भी कोई व्यवस्था नहीं है इन लोगों को आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर निगम के आश्रय स्थलों में ठहराया गया है जिन्हें सुबह चाय , नाश्ता, दोपहर को भोजन, शाम को पुनः चाय एवं रात्रि कालीन भोजन की व्यवस्था के लिए राशन सामग्री प्रदाय की गई! इसके अतिरिक्त इन्हें मास्क , साबुन आदि भी प्रदान किया गया है , ठहरे हुए लोगों को सख्त हिदायत दी गई है कि आश्रय स्थलों पर ही रहे

जनसंपर्क अधिकारी